रेलवे मंत्री (श्री चें० मु० पुनाचा) : (क) और (ख) : 1 जनवरी से 20 मई, 1967 तक की अवधि में 86 अप भोपाल-रतलाम, 112-ए भोपाल-गोधरा और 34 अप बिलासपुर-इन्दौर सवारी गाडियां उज्जैन स्टेशन पर क्रमश 102, 137 और 91 बार देर से पहुची। लेकिन उपर्युक्त अवधि मे उज्जैन स्टेशन पर गाडियो का मेल आम तौर पर 97 प्रतिशत से अधिक रहा जो सन्तोषजनक है।

(ग) ऐसा कोई मामला रेल प्रशासन के नोटिस मे नही आया।

(घ) सवाल नही उठता।

सलेमपुर स्टेशन, उत्तर रेलवे पर हाल्ट स्टेशन

2832 श्री नागेश्वर : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ दिन पहले जौनपुर-इलाहाबाद ब्राच लाइन (उत्तर रेलवे) पर मरियाहू और भनौर के बीच सलेमपुर मे एक हाल्ट स्टेशन खोलने की माग की गई थी,

(ख) यदि हा, तो इस बारे मे और क्या प्रगति हुई है; और

(ग) उत्तर प्रदेश में तीसरी पंचवर्षीय योजना मे मंजूर की गई नई रेलवे लाइन के निर्माण के मामले मे अब तक कितनी प्रगति हुई है तथा भावी वर्षों के लिए क्या कार्यक्रम बनाया गया है ?

रेलवे मंत्री (श्री चें० मु० पुनाचा) : (क) जी हां।

(ख) इस प्रस्ताव पर 1965 में विचार किया गया था, परन्तु समुचित औचित्य न होने के कारण उसे स्वीकार नही किया जा सका। फिर भी, इस पर नये सिरे से विचार किया जा रहा है।

(ग) एक विवरण नीचे दिया जाता है।

विवरण

सलेमपुर (उत्तर रेलवे) में हाल्ट स्टेशन

नई रेलवे लाइनो के निर्माण के सम्बन्ध में सूचना राज्य-वार नही, बल्कि रेलवे-वार संकलित की जाती है। तीसरी योजना मे निर्माण के लिये चुनी गई नयी लाइनों मे से नीचे लिखी दो लाइनें पूर्णत या अंशतः उत्तर प्रदेश मे पडती हैं —

1. दूसरे यमुना पुल सहित, गाजियाबाद और तुगलकाबाद के बीच माल परिहार लाइनें।
2. सिगरौली-ओबरा।

मद (1) पर काम पूरा हो चुका है और इसे नवम्बर, 1966 मे माल यातायात के लिये खोल दिया गया है (2) पर काम अभी जारी है और अक्टूबर, 1968 के अन्त पक इसके पूरा हो जाने की आशा है।

2. चौथी योजना के सभी प्रस्तावो को अभी अन्तिम रूप नही दिया गया है। परन्तु चौथी योजना मे नयी लाइनो के निर्माण के लिये सीमित रकम उपलब्ध होने के कारण, जिसका एक बड़ा भाग पिछले साल से चल रहे कामों को पूरा करने के लिये खर्च करना पडेगा उत्तर प्रदेश सरकार के किसी प्रस्ताव को योजना में शामिल किये जाने के लिए पर्याप्त अग्रता मिलने की सम्भावना नहीं है।

स्थायी रेलपथ निरीक्षक संघ (परमानेंट वे इंस्पेक्टर्स एसोसिएशन) :

2833. श्री गुणानन्द ठाकुर :
श्री मधु लिमये :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :